## सार-समाचार

### कर्मचारी नामांकन योजना पर कार्यशाला

**जालोर**, (कासं)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से जालोर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के सभागार में शुक्रवार को कर्मचारी नामांकन योजना 2025, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एवं श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम किया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जोधपुर से डॉ अजय सिंह चौधरी, क्षेत्रीय भविश्य निधि आयुक्त प्रथम एंव श्री अनिल कुमार तिवारी, सहायक भविश्य निधि आयुक्त, पाली द्वारा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉ अजय सिंह चौधरी द्वारा बताया गया कि दिनांक 01 नवम्बर 2025 से कर्मचारी नामांकन योजना 2025 को लागू किया गया है। यह योजना ईपीएफओ के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रमिकों को संगँित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के अन्तर्गत 01 जुलाई 2017 से 31 अक्टूबर 2025 के दौरान कार्यरत वे कर्मचारी जिन्हें किसी कारणवष कर्मचारी भविश्य निधि योजनाओं में सदस्य नहीं बनाया हैं, जो आज भी जीवित एंव संस्थान में कार्यरत है उन कर्मचारियों को नियोक्ता अंषदान, प्रषासनिक प्रभार एंव मात्र रू 100/- की क्षति का भुगतान कर सदस्य बनाया जा सकता है। श्री अनिल कुमार तिवारी द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार निजी क्षेत्र में नौकरी पाने वाले युवाओं को 15,000/- रूपये तक एंव नियोक्ताओं को नये रोजगार सृजन पर प्रति कर्मचारी प्रति माह 3,000/- रूपये तक का प्रोत्साहन लाभ मिलेगा। इसके साथ ही सभी नियोक्ताओं से अपील की गई हैं कि योंजनाओं का लाभ लेने के लिये कर्मचारी भविश्य निधि संगठन के पोर्टल पर अपना नामांकन करें।

### जालोर ओलम्पिक संघ सचिव पद समाप्त

**जालोर**, (कासं)। जिला ओलम्पिक संघ में बड़ा बदलाव वर्षो से चले आ रहे सचिव के पद को हमेशा के लिए तत्काल प्रभाव से विलोपित कर संविधान में आवश्यक संशोधन कर दिया गया है। इसके पीछे की वजह है संघ के सचिव की कुछ विवादास्पद गतिविधियां रही है। जालोर जिला ओलम्पिक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरि राम विश्नोई ने जानकारी देते हुआ बताया कि जालोर जिला ओलम्पिक संघ के सचिव द्वारा विगत दिनों में अंतरराष्ट्रीय रेफरी एवं जज नियुक्त होने की जानकारी मीडिया को दिए जाने तथा भ्रांतिपूर्ण प्रमाण पत्र वायरल करने तथा सेक्रेटरी जनरल की बिना अनुमति के सचिव पद नाम से समाचार पत्रों में न्यूज देने के दुराचरण कृत्य कारित करने एवं इस पद पर कार्यरत रहते हुए गैर ओलम्पिक खेलों के आयोजन में संलिप्त होने पर जालोर जिला ओलम्पिक संघ के संविधान में संशोधन कर हमेशा के लिए सचिव पद को तत्काल प्रभाव से विलोपित कर दिया गया है यह फैसला जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन के सैक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला के द्वारा सक्षम आदेश जारी करने के बाद निर्णय लिया गया।

### नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान शुरू

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में स्थित नई किरण नशा.मुक्ति केन्द्र के तत्वावधान में शुक्रवार को नशामुक्ति को बढ़ावा देने के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशा न करने का संकल्प लिया और हस्ताक्षर कर समाज को नशामुक्ति बनाने का संदेश किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री मनीष अखावत ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा स्वस्थ जागरूक और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा वर्ग को नशे से दूर रखकर उन्हें एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना है। महाविद्यालय में यह कार्यक्रम पूरे दिन विभिन्न गतिविधियों के साथ जारी रहा। तथा इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गोलेछा परिवार ने भंडारा किया

**पाली**, (नि.सं.)। रोटी बैंक की ओर से शुक्रवार शाम 5 बजे को आनन्द कवाड़, अध्यक्ष, रोटी बैंक, पाली के मार्गदर्शन में गोलेछा परिवार, पाली वालों की तरफ से देशना और मेहुलसा पुत्री-दामाद के परिणय सूत्र में बंधने के उपलक्ष्य में आशीर्वाद निमित्त सेवा स्वरूप रामदेव मंदिर, बाबा रामदेव कॉलोनी , मंडिया रोड, के आगे, पाली की बस्ती वासियों के लिए रोटी बैंक पाली के माध्यम स विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मिष्ठान, रोटी सब्जी एवं नमकीन आदि व्यंजन थे। गोलेछा परिवार द्वारा रोटी बैंक को अच्छी राशि का योगदान किया। इस पुण्य कार्यक्रम का शुभारम्भ गोलेछा परिवार के सदस्यों ने बाबा रामदेव की आरती एवं ज्योत जलाकर किया। परिवार के लाभचंद गोलेछा, रमेश मरलेचा ललित मरलेचा, मेहुल सुराणा, देशना सुराणा, रवि गोलेछा राजकुमार गोलेछा, डॉलसी संकलेचा, डोलीन लूणीया, स्वर्णिलता भंसाली, विनिता गोलेछा, रोटी बैंक के पदाधिकारी रोशन सेमलानी, एवं सदस्य अशोक मंगतानी, राजू कोठारी, उमेश पुरोहित, पी. सी. सांड,मनोज नाबरिया, प्रवीण उपस्थित थे।

### 125 किग्रा पॉलीथीन की जब्त

**जालोर**, (कासं)। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत नगर परिषद् जालोर के निर्देशन में गठित विशेष टीम द्वारा शुक्रवार को जालोर मार्केट क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया जाकर लगभग 125 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। टीम में नोडल अधिकारी नरेंद्र बारवा, स्वच्छता निरीक्षक महावीर, एम.आई.एस. इंजीनियर राजकुमार, जमादार अश्विन तथा स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.) टीम के सदस्यों ने जालोर मार्केट क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान लगभग 125 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की। टीम द्वारा बाज़ार के व्यापारियों एवं आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वैकल्पिक थैलियों (कपड़ा अथवा जूट) के उपयोग का संदेश दिया।

### दो बाल वाहिनी सीज, एक का चालान

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार चलाए जा रहे बाल वाहिनियों के निरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को एक दो वाहनों को सीज किया गया एवं एक का चालान बनाया गया। टीम की ओर से यातायात विभाग की टीम के साथ बाल वाहिनियों का निरीक्षण किया। बाल वाहिनियां नियमानुसार संचालित नहीं हो रही थी, जांच के दौरान वैध कागजात नहीं मिले तथा ड्राइवर बिना लाइसेंस के बस चला रहा था। इसी प्रकार एक वाहन का ड्राइवर बिना वर्दी का होने पर चालान किया गया।

### मैराथन में आज दौड़ेंगे आयुक्त सोढ़ा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में आज 6 दिसंबर को शहर के इंदिरा इंडोर स्टेडियम से द बॉर्डर अल्ट्रा मैराथन का आगाज होने जा रहा है। द हेल रेस संस्था द्वारा आयोजित यह इवेंट अल्ट्रा मैराथन जिसका रुट 160 किमी का है। शनिवार को आयोजित होने वाली इस मैराथन में जैसलमेर जिले के दो प्रशासनिक अधिकारी एडीएम परसाराम सैनी एवं आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सोढा भी हिस्सा लेंगे। दोनों अधिकारी 50 किमी की मैराथन में भाग लेंगे। द बॉर्डर अल्ट्रा मैराथन की शुरुआत महज 40 धावकों से हुई थी, लेकिन मात्र 2 सालों में ही इसमें हिस्सा लेने वाले धावकों की संख्या 1200 तक पहुंच गई है।

### अमरदीन फकीर का समारोह आज

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अमरदीन फकीर का पदभार ग्रहण समारोह शनिवार को कलाकार कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित होगा। प्रदेश और संभाग स्तरीय नेतृत्व एक मंच पर शामिल होगा। शक्ति प्रदर्शन का असली दृश्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों, ब्लॉकों, मंडलों और फ्रंट संगठनों के कार्यकर्ता जुलूसों और जत्थों के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के साथ-साथ जैसलमेर बाड़मेर के कई बड़े कांग्रेसी नेता समारोह में शामिल होंगे।

### मोबाइल व बाइक ले जाने का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। लूणी पुलिस थाना क्षेत्र में एक युवक से कुछ लोगों ने मारपीट कर उसकी बाइक और मोबाइल छीन कर ले गए। पीड़ित ने कुछ नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। लूणी पुलिस ने बताया कि मोरटूका निवासी शिवराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 30 नवंबर को भटिण्डा गांव की सरहद से निकल रहा था तब श्रवणराम, रूपाराम, छोटेलाल, कन्हैयालाल सहित तकरीबन 11 लोगों ने उसका रास्ता रोका और मारपीट की। उसका मोबाइल और बाइक को छीन कर ले गए। लूणी पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ की है।

# 26 वां पोलो सीजन 2025 10 दिसम्बर से ,17 जनवरी तक

**जोधपुर**, (कासं)। 26वां जोधपुर पोलो सीजन 2025 जोधपुर पीली एव इक्विस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में 10 दिसम्बर से शुरू होगा। पोलो सीजन महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो ग्राउंड, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच महाराजा उम्मेद सिंह एयरपोर्ट रोड, पाबूपुरा पर आयोजित होगा। आयोजन पूर्व सांसद गजसिंह के मुख्य संरक्षण में होगा। जोधपुर पोलो का शुभारम्भ 10 को दोपहर 3 बजे होगा। यह पोलो सीजन शिवराज सिंह के 50वें जन्मोत्सव के तहत आयोजित हो रहा है।

जोधपुर पोलो एवं इक्वीस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि 26 वां पोलो सीजन 2025 में 5 टूर्नामेंट व 10 एक दिवसीय प्रदर्शन मैच खेले जायेंगे। पोलो सीजन में पाँच टूर्नामेंट होंगे। इसमें बुधवार 10 दिसम्बर 2025 से 13 दिसम्बर तक लो गोल टूर्नामेंट, 14 से 17 दिसम्बर तक उम्मेद भवन पैलेस कप 4 गोल, एच. एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप 8 गोल 23 से 28 दिसम्बर, राजपूताना व सेन्ट्रल इण्डिया कप 8 गोल 04 से 11 जनवरी 2026 व 12 से 17 जनवरी 2026 के मध्य महाराजा ऑफ जोधपुर गोल्डन जुबली कप 8 गोल होगा।

### 10 प्रदर्शन मैच होंगे

इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि सीजन में 10 प्रदर्शन मैच खेले जाएंगे, इसमें गुरूवार 18 दिसम्बर को ब्रिटिश पोलो डे होगा, 21 दिसम्बर को इंडियन एयर फोर्स लोंगेवाला पोलो कप, 25 दिसम्बर को भंवर बाई जी लाल वारा राजे पोलो कप, 28 दिसम्बर को लेडीज इन्टरनेशनल पोलो कप का प्रदर्शन मैच, 29 दिसम्बर को महाराजा सरदार सिंह मेमोरियल कप, 5 जनवरी को इंडियन नेवी एडमिरल पोलो कप, 6 जनवरी को आर्मी कमाण्डर्स कप, 7 जनवरी को मेजर वाकुर सरदार सिंह जसोल मेमोरियल कप, अबूसियर कप 14 जनवरी को खेला जाएगा। उन्होंने सभी मैच दोपहर 3 बजे होंगे।

### नामचीन खिलाड़ी आएंगे खेलने

4 हैण्डीकंप के महाराजा जयपुर सवाई पद्मनाम सिंह, सैय्यद शमसेर अली, सिमरन सिंह शेरगिल, सिद्धांत शर्मा, 2 हैण्डीकंप के 81 कैवलरी से लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान, ध्रुवपाल गोदारा, सैय्यद बशीर अली, अंगद कलान, सैय्यद हूर अली, कुलदीप सिंह, 1 हैण्डीकेप के मेजर मृत्युजय सिंह, अशोक चांदना पूर्व खेल मंत्री राजस्थान, 0 हैण्डीकेप के विक्रमादित्य सिंह बरकाना व इण्डियन नेवी से एपी सिंह।

इंग्लैंड से 4 हैण्डीकेप के डेनियल ओटामेंडी, 4 हैण्डीकेप के लास वाटसन दक्षिण अफ्रीका से, 4 हैण्डीकंप के जोहान दुभेज इंग्लैंड से व 3 हैण्डीकेप के गुंजाली पैजोन अर्जेन्टीना।

जोधपुर के पोलो खिलाड़ी धनञ्जय सिंह, योगेश्वर सिंह, हेमेन्द्र सिंह, निखिलेन्द्र सिंह अंकुर मिश्रा, विश्वराज सिंह भाटी, पराक्रमसिंह आऊवा, देव्रत सिंह झालामण्ड, नीतिन भटेर व पेप सिह पोलो सीजन में खेलेंगे। मेयो कॉलेज अजमेर के दो युवा खिलाड़ी शिवांश सिंह शक्तावत व लक्ष्यराज सिंह राजावत खेलने आएंगे। पोलो सीजन में उदय कलान व निकोलस स्क्रोटीचीनी अर्जेन्टीना अम्पायर होंगे।

# 'मरू महोत्सव-2026 को भव्य व यादगार बनाएं'

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। अन्तर्राष्ट्रीय मानचित्र पर ख्याति अर्जित कर चुके जैसलमेर जिले के जग विख्यात "मरू महोत्सव-2025" का शानदार एवं भव्य आयोजन 30 से 01 फरवरी 2026 तीन दिवस तक होगा। जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मरू महोत्सव को बेहतर एवं यादगार बनाने के लिए शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर श्री सिंह ने पर्यटन विभाग द्वारा मरु महोत्सव के 30 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से समीक्षा की एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर उनसे सुझाव भी प्राप्त किए गये। मरु महोत्सव के दौरान पोकरण, जैसलमेर, सम व खुहड़ी में निर्धारित किए गए कार्यक्रमों के बारे में पूरी चर्चा की गई एवं जिला कलक्टर ने कहा कि मरु महोत्सव का आयोजन भव्य हो एवं महोत्सव में आने वाले हर देशी-विदेशी पर्यटक उसका पूरा आनन्द लें, उसी अनुरुप अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए हर कार्यक्रम को यादगार बनायें।

जिला कलक्टर ने पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे मरु महोत्सव के कार्यक्रमों को अंतिम रुप देकर उसका अभी से ही हर स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करवाना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पर्यटक महोत्सव को देखने आए। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय ख्यातनाम लोक कलाकारों की प्रस्तुती करावें ताकि यहां की लोक संगीत व लोक संस्कृति को ओर अधिक बढ़ावा मिले।

बैठक में सहायक पर्यटन अधिकारी खेमेन्द्र सिंह जाम ने मरु महोत्सव के तहत 30 जनवरी से 01 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में होटल एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े विक्रम सिंह नाचना, कैलाश व्यास ने मरु महोत्सव के कार्यक्रमों को ओर अघिक रौचक बनाने के सम्बन्ध में अपनी ओर से सारगर्भित सुझाव भी दिए।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम सैनी, उपखण्ड अधिकारी पोकरण हीरसिंह चारण, मेला व्यवस्थाओं से जुड़े विभागीय अधिकारी, पर्यटन एवं होटल व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर जालोर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र जालोर का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर ने चिकित्सा संस्थान में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, प्रसूति संबंधी सुविधाओं, टीकाकरण व्यवस्था, दवा भंडारण, लैब जांच, एसएनसीयू वार्ड, एमएनसीयू वार्ड, प्रसव कक्ष एवं ट्रोमा सेंटर का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्टाफ नर्स, एएनएम एवं चिकित्सकों से सेवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की ड्यूटी लिस्ट चार्ट बनाने एवं आवश्यक रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए तथा हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं से भी बातचीत कर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने, साफ-सफाई सुचारू बनाये रखने, आवश्यक उपकरणों की समय पर उपलब्धता तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात सेवाओं को और सु.ढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण एवं पोषण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर विशेष जोर दिया।

इसी प्रकार जिला कलक्टर द्वारा गुरूवार को जिला अस्पताल का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जिला अस्पताल में मोर्चरी, मेडिकल वार्ड, आपातकालीन वार्ड व महिला वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई रखने, चिकित्साकर्मियों एवं चिकित्सा अधिकारियों को निर्धारित गणवेश में आने के निर्देश दिए। उन्होंने को जालोर शहर में चामुण्डा गार्डन जालोर के पास हुई दुर्घटना में घायल मरीजों के उपचार से सम्बन्धित जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक उपचार मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश मीणा, उप नियंत्रक डॉ. कमलेश मीणा, एमसीएच केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. नैनमल परमार, डॉ. अभिषेक पटेल, एसएनओ गुलजार अली सहित चिकित्साधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गुड टच-बैड टच की जानकारी दी

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के करोटी मार्ग स्थित राज चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल असाव में शुक्रवार को छात्राओं को गुड टच-बैड टच और महिला सुरक्षा संबंधी जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य अभिषेक बटेसर ने बताया कि यह जागरूकता कार्य म संघर्ष संस्थान लुणोल द्वारा पुलिस थाना रेवदर के महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के महिला जागरूकता अभियान के तहत संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा उपायों और जरूरत पडने पर उपलब्ध सहायता स्त्रोतों की जानकारी देना था। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से फैंसी राणा और गायत्री गोस्वामी ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच की विस्तृत जानकारी देकर समझाया। शिक्षिका निकिता जोशी, खुशी सोनी, डिम्पल सेन, ट्विंकल कुंवर, ममता, योगिता आदि उपस्थित रहे।

# मकान बेचने का झांसा देकर 50 लाख रुपए हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर की उदयमंदिर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मकान बेचने का झांसा देकर 50 लाख रुपए हड़पने वाले आरोपी रामसिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब 18 माह से फरार चल रहा था और पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए राजस्थान से बाहर ऋषिकेश, वृंदावन और फिर बद्दी (हिमाचल प्रदेश) में रह रहा था।

परिवादी चैनसिंह ने रिपोर्ट दी थी कि आरोपी रामसिंह ने खुद को मकान मालिक बताकर बी.जे.एस. कॉलोनी स्थित मकान बेचने का सौदा किया। उसने चैनसिंह से 50 लाख रुपए वसूल लिए। बाद में पता चला कि मकान तो पहले ही किसी और को बेचा जा चुका था। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले में थानाधिकारी सीताराम खोजा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। आरोपी मोबाइल इस्तेमाल नहीं करता और परिवार से भी संपर्क नहीं रखता था। इस पर टीम ने लगातार डेढ साल तक मुखबिर तंत्र और तकनीकी निगरानी के जरिए उसकी तलाश जारी रखी। आखिरकार पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बद्दी (हिमाचल प्रदेश) में मजदूरी कर रहा है। टीम ने वहां दबिश देकर आरोपी रामसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे में घायल की मौत

पांच बत्ती रोड रातानाडा में 23 नवंबर को हुई सडक़ दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के बीच मौत हो गई। भाई ने रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि बाबा रामदेव नगर 80 फीट रोड माता का थान निवासी प्रमोद पुत्र दिनेश दाधिच ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई अपनी बाइक लेकर 23 नवंबर को पांच बत्ती रातानाडा एरिया से निकल रहा था। तब किसी वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल उसके भाई का अस्पताल में उपचार चल रहा था, गुरूवार को उसकी मौत हो गई।

### कृषि विभाग का निरीक्षण

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शुक्रवार को कृषि विभाग जालोर के उप निदेशक कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कृषि विभाग के उप निदेशक कार्यालय में कृषि विभाग द्वारा संचालित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों-कार्मिकों को योजनाओं में अधिक से अधिक पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों से चर्चा करते हुए कृषकों को उन्नत खेती की जानकारी देने साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण दिए जाने के लिए निर्देशित किया। जिला कलैक्टर ने कृषि विभाग के कार्यालय का अवलोकन कर परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण करने की बात कही। इस अवसर पर कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़, सहायक निदेशक जितेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट : सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्ति पर रोक

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने जालोर नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

यह फैसला न्यायमूर्ति मुन्नुरी लक्ष्मण की एकलपीठ ने अधिवक्ता रजाक खान, कल्बे मोहम्मद और राहुल चौधरी द्वारा प्रस्तुत की गई दलीलों के बाद दिया। इस आदेश से याचिकाकर्ता सफाई कर्मचारियों, सोनाराम और संतारा को तत्काल राहत मिली है, जिनकी सेवाएं 31 अक्टूबर, 2025 को समाप्त कर दी गई थीं।

इस मामले को उच्च न्यायालय तक ले जाने में जालोर के अधिवक्ता आसिफ अली सैय्यद का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने सोनाराम और संतारा को कानूनी जानकारी दी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर याचिकाओं में कहा गया कि नगर परिषद, जालौर ने उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ द्वारा 2019 में पारित एक फैसले का हवाला देते हुए उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं ।

यह कार्रवाई करते समय विभाग ने इस तथ्य को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया कि खुद उच्च न्यायालय ने एक पुनर्विचार याचिका में यह स्पष्ट कर दिया था कि उक्त फैसले में किसी भी कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया था।

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने न्यायालय के समक्ष मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि नगर परिषद द्वारा लिया गया निर्णय कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि जिस फैसले को आधार बनाकर कर्मचारियों को हटाया गया, उस पर दायर पुनर्विचार याचिका (डी.बी. रिव्यू पिटीशन रिट संख्या 63/2022) में न्यायालय ने यह साफ कर दिया था कि कर्मचारियों को हटाने का कोई आदेश नहीं दिया गया था। अधिवक्ताओं ने कहा कि विभाग ने इस महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण पर विचार किए बिना ही एकतरफा कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया, जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है।

न्यायालय ने अधिवक्ताओं के तर्कों को गंभीरता से लेते हुए माना कि यदि नगर परिषद ने उच्च न्यायालय के स्पष्टीकरण पर ध्यान दिया होता, तो सेवा समाप्ति की स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए सेवा समाप्ति के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। न्यायालय ने इस मामले में राज्य सरकार के स्थानीय स्वशासन विभाग के सचिव, निदेशक और जालौर नगर परिषद के आयुक्त को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 2 जनवरी, 2026 को निर्धारित की गई है।

# बाड़मेर में सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2025 के लिए साइकिल रैली

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। शहीदों के सम्मान और सैनिकों के परिवारों के कल्याण के उद्देश्य से मनाया जाने वाला सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2025 शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ आरंभ हुआ।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विक्रमसिंह राठौड़ ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार को झंडा लगाकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ कराया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कैप्टन हीरसिंह भाटी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स सहित पूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से सैनिकों के योगदान, शहीदों के बलिदान तथा सैन्य परिवारों के कल्याण के संदेश जन-जन तक पहुंचाए गए।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विक्रमसिंह राठौड़ ने बताया कि झंडा दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों, युद्ध में निशक्त हुए जवानों, सेवानिवृत्त सैनिकों और वीरांगनाओं के कल्याण के लिए जनसहयोग से धन एकत्रित करने के लिए आवाहन किया जाता है।

इसमें युद्धवीरों एवं उनके परिवारों की कल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद की जाती है। उन्होंने इस पावन दिवस के अवसर पर सैन्य परिवारों के कल्याण के लिए अधिकाधिक आर्थिक सहयोग करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी विभागों में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के स्टिकर्स भी भिजवाए गए हैं। इनकी बिक्री के लिए कोई दर निर्धारित नहीं की गई है। अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों तथा नागरिकों से अपील की कि स्टिकर्स लगाकर अधिक से अधिक दान राशि जुटाकर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, बाड़मेर के नाम से चौक या डीडी के जरिए जमा करवाएं।

# लिखमीदास महाराज स्मारक अमरपुरा में भजन संध्या हुई

**बालोतरा**, (निसं)। नागौर में संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा के तत्वावधान में आयोजन चल रहा है, जिसमें गुरुवार रात भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें कई जिलों के कलाकार शामिल हुए और विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां दी।

वहीं गुरुवार दोपहर को चार दिवसीय भक्तमाल कथा का समापन हुआ। बड़ा रामद्वारा सूरसागर जोधपुर के महंत परमहंस डॉ राम प्रसाद महाराज के मुख से इस कथा श्रवण का लाभ श्रद्धालुओं द्वारा लिया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर बजरंग दास महाराज, मेडता रोड के गोवर्धन दास महाराज, मसूरिया जोधपुर के संत रामरतन महाराज, संत मुरली राम महाराज, संत गणेशाराम महाराज, टोंक के संत रामलाल महाराज, संत जानकी दास महाराज, संत हरी नारायण शास्त्री महाराज, संत लक्ष्मीनारायण महाराज दास महाराज व साध्वी रामी बाई का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। संत डॉ. राम प्रसाद महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्त सुदामा के पावन व प्रेरणादायी चरित्र का के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर किया।

संत जानकी दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि नागौर शूरवीर, संतों व ऋषियों की भूमि है। गुरु महाराज जंभेश्वर, संत लिखमीदास, भक्तिमति मीराबाई, चतुरदास महाराज, दरियाव महाराज, किशनदास महाराज सहित अनेकानेक भक्तों ने इस भूमि को अपने तप से श्रेष्ठ बनाया।

बताया कि संत लिखमीदास महाराज ने हाथ से काम व मुख से राम तथा हृदय में सच्ची भावना रखकर ईश भक्ति को धारण करके रखा।

भजन संध्या में कई कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां, भजनों पर झूमे श्रद्धालू:- नागौर. अमरपुरा में भक्त माल कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए अनेक स्थानों के श्रद्धालु बंधु अमरपुरा पधारे। वाहन रैली व पैदल संघ के रूप में उत्साह के साथ जयघोष लगाते हुए श्रद्धालुओं द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता दी गई। सोयला से संत आदूनाथ महाराज के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं का पैदल संघ अमरपुरा पहुंचा। इस दल में उम्मीद राम सोलंकी, गणपत राम, पूसाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष मोती बाबा सांखला, सहसचिव हरिश्चंद्र देवडा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हनुमान बांगडा, हीरालाल भाटी, हैदराबाद के जगदीश पंवार व पवन भाटी, संग्राम गहलोत, पूर्व सभापति बिरदीचंद सांखला, अर्बन बैंक अध्यक्ष नरेंद्र कच्छावा, पुखराज सांखला, मुकेश पंवार, मोहब्बत राम पंवार, पुखराज योगी, शिक्षाविद् ढगलाराम माली, कालूराम सोलंकी, मनोहर सांखला, जगदीश वैष्णव, रामस्वरूप परिहार आहद की मौजूदगी में सुबह शिखर पर ध्वजारोहण किया।

इस स्मारक शिखर पर ध्वजारोहण का सौभाग्य मनीष परिहार, संदीप परिवार सूरसागर व उनके परिजन तथा देव मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य प्रदीप कच्छावा, कपिल कच्छावा काली बेरी जोधपुर को 9 वीं बार मिलेंगा।

अमरपुरा में गुरुवार रात भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान क्षेत्र के अनेक प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इसमें प्रसिद्ध पाली के रमेश माली, हर्ष माली, नागौर के दिनेश माली, इंदरचंद कछावा, जोधपुर की शोभा माली, ब्यावर के गोविंद माली, छगन माली, जालौर के गिरधारी लाल माली, कोटा के जगदीश सैनी, नरेश माली, पिंकी गहलोत के साथ-साथ बालेसर के प्रसिद्ध नृत्य कलाकार सोनू माली, पिंटू माली ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिससे रातभर श्रद्धालु भक्ति सरीता में गोते लगाते रहे।

रणवीर सिंह तंवर, पांचाराम सोलंकी गिरधारी कच्छावा, कमल भाटी, लोकेश टाक, दीपक गहलोत, हितेश, नरेंद्र, अशोक टाक, हिमताराम गहलोत,मोती बा फुले, बाबुलाल पंवार सुरेश सुन्देशा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा कथा श्रवण का लाभ लिया गया।

### राज्यपाल ने एमबीएम वि.वि. में बैठक ली

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने आज एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर में अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में शैक्षिणक कार्यक्रमों, तकनीकी अनुसंधान, अधोसंरचना, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, शोध संस्कृति, छात्रावास व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। कुलगुरु प्रो. अजय शर्मा ने विश्वविद्यालय की शैक्षिणक प्रगति, एआई आधारित गतिविधियों, स्किल डेवलपमेंट, प्रत्यायन स्थिति और गोद लिए गए डॉली ग्राम की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। राज्यपाल बागडे ने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न होकर चरित्र, कौशल और नवाचार का विकास सुनिश्चित करे। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, छात्रावासों में गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर पाठ्यक्रमों को उद्योगोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों के लिए प्रेरित करने, शोध संस्कृति को मजबूत करने, अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंजीनियरों एवं विशेषज्ञों के साथ एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित करने तथा विश्वविद्यालय के सभी संसाधनों को विद्यार्थी हित में केंद्रित रखने का आहवान किया।

# टीना डाबी ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के वार्डो, चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलैक्टर डाबी ने चिकित्सालय में स्थित सीसीयू वार्ड, आपरेशन थियेटर, रामाश्रय वार्ड, मेडिकल आइसीयू, कोलू आईसीयू वार्डो का निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को जांचा। इसके बाद एमसीएच चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। एमसीएच विंग के प्रसूति वार्ड में बेड की कमी को दूर करने के लिए आगे मीटिंग कर बढ़ाने के लिए उचित समाधान करने के निर्देश दिए तथा साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उसके बाद अधीक्षक कार्यालय न्यू टीचिंग चिकित्सालय में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन भी किया। सभी चिकित्सक उपस्थित मिले। सभी व्यवस्थाएं सुचारु मिली तथा अन्य मुददो को राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसाइटी की मीटिंग कर उसमें लेने के निर्देश दिए।


**न्यायालय अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, बक्सर**

दा० खा० पुन० वाद सं0-178/2024-25

शारदा सिंह ......रिविजनकर्त्ता

बनाम

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, डुमरॉव वगै ......उत्तरवादीगण

गजट बनाम

1. आद्या सिंह, पुत्री - स्व० रवि प्रकाश सिंह, पिता - ओम प्रकाश सिंह। सा० पो० थाना- डुमरॉव, जिला- बक्सर । वर्तमान पता - आखरिया सिसवार्डा पाली (राजस्थान) - 306103 ।

चूँ बजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि शारदा सिंह, पति- ओम प्रकाश सिंह, सा०- टेक्सटाइल कॉलोनी, स्टेशन रोड, डुमरॉव, थाना- डुमरॉव, जिला- बक्सर द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, डुमरॉव के दा०खा० अपील वाद सं0- 971/2024-25 में पारित आदेश के विरूद्ध उक्त वाद को दाखिल किया गया है, जिसमें आप नोटिस निर्गत होने के बावजूद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रही है, जिसके कारण वाद की कार्रवाई बाधित हो रही है।

अतः गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको निदेशित किया जाता है कि सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि 07.01.2026 को 12:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अन्यथा उक्त वाद में आपको वंचित करते हुए एक पक्षीय कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

इसे सख्त ताकिद जाने ।

आज दिनांक 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर से जारी ।

मोहर

अपर समाहर्त्ता - सह - अपर जिला दण्डाधिकारी बक्सर।